# ईजीओएम की बैठक में चावल चीनी निर्यात पर चर्चा संभव

नई दिल्ली • खाद्य मामलों पर अधिकार प्राप्त मंत्रियों के समूह (ईजीओएम) की बैठक मंगलवार को होगी। इस बैठक में चीनी और गैर बासमती चावल के और ज्यादा निर्यात की अनुमति दी जा सकती है। इसके अलावा बैठक में प्याज के निर्यात और खाद्य तेलों के आयात पर चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी की अगुवाई वाले ईजीओएम की बैठक में खाद्य व वाणिज्य मंत्रालय से जुड़े आठ मसलों पर विचार हो सकता है।

खाद्य मंत्रालय ने दस लाख टन अतिरिक्त चीनी निर्यात की अनुमति देने का प्रस्ताव रखा है। इससे देश की चीनी मिलों की वित्तीय स्थिति सुधरेगी और वे किसानों को समय से गन्ने का भुगतान कर सकेंगी। बैठक में गैर बासमती के निर्यात कोटा को बढ़ाकर 40 लाख टन तक करने पर विचार होने की संभावना है। देश में चावल का ज्यादा उत्पादन होने के कारण गोदामों में आवश्यकता से कहीं ज्यादा स्टॉक जमा है। देश से 23 लाख टन गैर बासमती चावल का निर्यात हो चुका है। (प्रेट्र)